आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 10वें स्थान से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता पिछले दस वर्षों में बत्तीस गुना बढ़ गई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है और भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाला पहला जी–20 देश है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का ऊर्जा क्षेत्र इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत का जैव ईंधन उद्योग तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है।

इंदू गोस्वामी

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 17 सितम्बर 2023 से अब तक एक लाख 82 हजार 6 सौ 93 कारीगरों व शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए जबकि योजना के अंतर्गत इस दौरान 19 हजार 3 सौ 5 कारीगरों व शिल्पकारों का पंजीकरण किया गया। राज्यसभा में आज सांसद इंदू गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत देशभर में सितम्बर 2023 से 4 फरवरी 2025 तक दो करोड़ 65 लाख आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के किसानों से एक करोड़ 40 लाख रुपये की मक्की की खरीद की है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि किसानों से 30 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की खरीदी जा रही है, जबकि उपभोक्ताओं को 40 से 50 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की का आटा बेचा जा रहा है। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों से अभी तक डेढ़ करोड़ रुपये के गोबर की खरीद भी की है।

गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि मेले व त्यौहार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है और इन्हें संजोए रखना हम सब की जिम्मेवारी है। वे आज जयसिंहपुर में आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय होली उत्सव की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यादविंदर गोमा ने कहा कि उत्सव के दौरान सभी विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सकें।

**सफाई अभियान**

स्वच्छ शहर सुंदर शहर अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थानीय शहरी निकायों द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गया है। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में शहरों के ऐसे क्षेत्रों में साफ–सफाई की जाएगी, जो रोजाना सफाई से वंचित रहते हैं। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**मौसम**

प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति सहित चंबा की उंची चोटियों पर बीते 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी हुई है, जिससे जनजातीय क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है।